YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स
विश्व स्वास्थ्य दिवस
नई दिल्ली/ लखनऊ > शनिवार, 7 अप्रैल 2018 > चैत्र 17 शक संवत 1940 वैशाख कृष्ण सप्तमी विक्रम 2075 www.nbt.in पेज 22*> मूल्य सिर्फ 3.00 रु. facebook.com/nbtlucknow>twitter.com/nbtlucknow

स्टार्टअप का अनोखा मॉडल, ऑनलाइन बेचेंगे गोबर

एकेटीयू इनोवेटिव आइडियाज की प्रदर्शनी में कॉलेजों के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल

■ **एनबीटी संवाददाता,लखनऊ:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में कॉलेजों के विद्यार्थियों के बिजनेस आइडियाज को प्रमोट करने के लिए शुक्रवार को इनोवेटिव आईडियाज की प्रदर्शनी आयोजित की गई। विवि ने अपनी योजना के तहत विद्यार्थियों से प्रस्ताव मांगे थे, जिसमें 30 बेस्ट आइडियाज को प्रदर्शनी के लिए बुलाया गया। इसमें एसएमएस कॉलेज के अंकिता उपाध्याय ने गाय के गोबर को ऑनलाइन बेचने के लिए एक वेब प्लेटफॉर्म तैयार करने का बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किया, जो चर्चा का विषय रहा। इसमें तर्क था कि आज गोबर, खाद से लेकर ईंधन तक प्रयोग में लाया जा रहा है, लेकिन इसके लिए कोई ऐसा प्लेटफॉर्म नहीं है जहां ग्राहक और खरीदार एक जगह रहे। यह स्टार्टअप उसी का एक प्लेटफॉर्म होगा।

इसके अलावा एसएमएस के ही शुभम ने वर्मा ने एयर जैक मॉडल प्रस्तुत किया। इस मॉडल के तहत एक

गुब्बार की तरह जैक होगा जो गाड़ी के नीचे रखा जाएगा जो गाड़ी के साइलेंसर से जोड़ दिया जाएगा। ऐसे में गाड़ी से निकलने वाली एयर से वो फूलेगा और उसी से गाड़ी उठ जाएगा। इससे उम्रदराज लोगों को काफी आसानी होगी। केआईईटी गाजियाबाद की श्रद्धा ने डॉक्टर्स के लिए एफिशिएंसी बढ़ाने और रोहित कुमार ने एक ड्रायर का मॉडल प्रस्तुत किया। तीस में कुल 25 प्रतिभागी प्रदर्शनी में शामिल हुए। अब इसमें जिन्हें चयनित किया जाएगा।

इंटर-डिसिप्लिनरी शोध की जरूरत

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हैंडलूम और टेक्सटाइल के प्रमुख सचिव मुकुल सिंघल ने कहा कि तकनीक के इस दौर में शोध एवं नवाचारों की प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए इंटर-डिसिप्लिनरी और ट्रांस-डिसिप्लिनरी शोध कार्यों को बढ़ावा देने की जरूरत है। जो भी नवाचार और विचार प्रस्तुत किए गए या किसी के पास हों तो उसका पेटेंट अतिशीघ्र करवा लेना चाहिए, जिससे आइडियाज को रेवेन्यु मॉडल एवं बिजनेस मॉडल में बदलने में आसानी होती है। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, कुलसचिव ओपी राय, वित्त अधिकारी भानू प्रताप सिंह, डीन यूजी विनीत कंसल समेत अन्य शिक्ष मौजूद रहे।